प्रधानमंत्री - यंग लीडर्स डायलॉग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र बनाने में देश के युवाओं की अहम भूमिका है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने कहा कि वह सोमवार को होने वाले विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के दौरान देश भर के युवा प्रतिभागियों से मिलने और उनसे बातचीत करने के लिए बेहद उत्साहित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की युवा शक्ति अत्यधिक उत्साह और जोश से भरी हुई है और देश के विकास में योगदान के लिए प्रतिबद्ध है। इस बीच, युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंkडविया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के लिए देश भर से तीन हज़ार से ज़्यादा युवा दिल्ली पहुँच चुके हैं और प्रधानमंत्री से अपने विचार साझा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

कार्यशाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के रवीन्द्र भवन में लोक निर्माण विभाग के राज्य स्तरीय कार्यक्रम सह प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेमवर्क दस्तावेज का विमोचन किया गया, जो अभियंताओं के प्रशिक्षण और कौशल उन्नयन के लिए मार्गदर्शक होगा।कार्यक्रम में लोकपथ 2.0 मोबाइल ऐप का लोकार्पण भी किया गया, जिससे सड़क रखरखाव, नागरिक शिकायतों के त्वरित समाधान, ब्लैक स्पॉट अलर्ट और आपातकालीन SOS जैसी सुविधाएं मिलेंगी।इसके साथ ही विभागीय नवाचारों और सुधारों पर आधारित एक विशेष पुस्तिका का भी विमोचन हुआ।कार्यक्रम में प्रदेशभर से 1500 से अधिक अभियंताओं ने सहभागिता की और हाइब्रिड एन्युटी मॉडल पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

रेल सेवा पुरस्कार

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारतीय रेल वैश्विक मानदंड स्थापित करने की स्थिति में है और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए तैयार है। नई दिल्ली में कल 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में उन्होंने 100 रेलवे अधिकारियों और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रेलवे जोन को पुरस्कृत किया।श्री वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे ने वर्ष 2026 के लिए छह नए संकल्प लिए हैं।

जागरूकता कार्यक्रम

भोपाल के गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में पावर क्वालिटी प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड और गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के आदेश के तहत नामित उपभोक्ताओं के लिए पावर क्वालिटी मीटर लगाना अनिवार्य किया गया है, ताकि हार्मोनिक्स और वोल्टेज उतार-चढ़ाव पर निगरानी हो सके।कार्यक्रम में आकाशवाणी के उप निदेशक अज़ीम अहमद हाशमी ने हार्मोनिक्स कम करने के व्यावहारिक उपाय बताए।उन्होंने कहा कि हार्मोनिक फ़िल्टर और पावर फ़ैक्टर करेक्शन तकनीक अपनाकर बिजली की गुणवत्ता बेहतर की जा सकती है और उपकरणों को नुकसान से बचाया जा सकता है।

विश्व-हिंदी दिवस

दुनियाभर में आज विश्व हिंदी दिवस मनाया जा रहा है। विदेशों में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के इस दिवस की शुरुआत हुई थी। इसका उद्देश्य कूटनीति, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। वर्ष 2006 में आज ही के दिन नागपुर में पहला विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किया गया था। तब से हर वर्ष 10 जनवरी, विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। विदेश मंत्रालय और विदेशों में भारतीय मिशन भी प्रतिवर्ष इस दिवस को मनाते हैं।

महिला क्रिकेट

महिला प्रीमियर लीग में आज यूपी वॉरियर्स का मुकाबला गुजरात जायंट्स से होगा। यह मैच नवी मुंबई में दोपहर 3 बजे शुरू होगा। कल खेले गए एक मैच में रॉयल चैलेंजर्स, बेंगलुरु ने मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस को तीन विकेट से हराया।

समाचार संक्षेप में –

- नर्मदापुरम जिले की पचमढ़ी में 10 दिवसीय शिवरात्रि मेला 6 से 15 फरवरी तक आयोजित होने जा रहा है। मेले में कई राज्यों से लाखों श्रद्धालु चौरागढ़ महादेव और जटाशंकर के दर्शन के लिए पहुंचेंगे।
- स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस एवं युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को प्रदेश के साथ ही सिंगरौली जिले में भी सामूहिक सूर्यनमस्कार कार्यक्रम प्रातः 09 बजे होगा।